*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 ईमेल-promgahv@gmail.com

# हिंदी विश्वविद्यालय के छात्र का भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण में चयन

वर्धा दि. 11 मई 2015: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान विभाग का छात्र जय नारायण सिंह का भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण में वरिष्ठ शोध अध्येता, सांस्कृतिक पद पर चयन हुआ है। जय नारायण सिंह 2011 से विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान विभाग में पी-एच.डी. के शोधार्थी है और वे 'देशज समुदायों का नृ-पारिस्थितिकीय अध्ययन' विषय पर शोध कर रहे है। उन्होंने 1 मई 2015 को पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, उदयपुर, राजस्थान में पद भार ग्रहण कर लिया है।



विदित हो कि मानवविज्ञान विषय में अकादमिक क्षेत्र में विश्वविद्यालयों के अलावा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आने वाली संस्था मानवविज्ञान सर्वेक्षण अत्यंत ही उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण संस्था मानी जाती है, जहां भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक तथा जैविक शोध होते रहते हैं। विश्वविद्यालय का मानवविज्ञान विभाग महाराष्ट्र राज्य का ऐसा विभाग है जहां विदर्भ के साथ-साथ पूरे भारत की संस्कृतियों पर अध्ययन और शोध होता है। जय नारायण सिंह ने मानवविज्ञान विभाग से नेट उत्तीर्ण की है तथा जेआरएफ भी प्राप्त की है। उनके आठ से अधिक आलेख राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय जर्नल तथा संपादित पुस्तकों में प्रकाशित हुए हैं। उन्होंने 12 से अधिक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय कार्यशालाओं में शोध पत्र प्रस्तुत कर शोध और अध्ययन में एक मिसाल कायम की है। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर उन्हें कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र तथा मानवविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. फरहद मलिक एवं सहअध्यापकों ने बधाई दी है।